भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 817**

उत्तर देने की तारीख 07 फरवरी, 2023
18 माघ, 1944 (शक)

## एस.ए.आई. का प्रशिक्षण केन्द्र

**817. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु सहित देश में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या क्या है;

(ख) इन केन्द्रों पर दिए जा रहे प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु सहित इन केन्द्रों को संस्वीकृत, आबंटित और इनके द्वारा प्रयुक्त निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) निर्धारित लक्ष्यों और अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर चेन्नई में भी एस.ए.आई. के एक प्रशिक्षण केन्द्र की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का उत्तर चेन्नई में ऐसे केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): देश में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के 69 प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) हैं जिनमें से 4 केंद्र तमिलनाडु में स्थित हैं। इन केंद्रों में दिए जाने वाले खेल विधा-वार प्रशिक्षण का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

इन साई प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण के लिए एथलीटों को स्कीम के अनुमोदित मानदंडों के अनुसार विशेषज्ञ कोच, खेल उपकरण, बोर्डिंग और लॉजिंग, खेल किट, प्रतियोगिता एक्सपोजर, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा / बीमा और वजीफे के रूप में सहायता प्रदान की जाती है।

(ग): साई नियमित आधार पर अपने क्षेत्रीय केंद्रों को निधियां जारी करता है। ब्लॉक अनुदान के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए साई क्षेत्रीय केंद्रों को आवंटित धनराशि और प्रयुक्त धनराशि  का विवरण अनुबंध-।। में दिया गया है। एलएनसीपीई त्रिवेंद्रम, तमिलनाडु में स्थित है और तमिलनाडु में केंद्रों के लिए जारी की गई धनराशि का विवरण आरसी, एलएनसीपीई त्रिवेंद्रम के सम्मुख उल्लिखित किया गया है।

(घ): चूंकि, खेल एक गतिशील और प्रगतिशील कार्यकलाप है, इसलिए इस संबंध में लक्ष्यों का निर्धारण व्यावहारिक नहीं है। साई खेल संवर्धन स्कीमों के एथलीटों की उपलब्धियों का विवरण अनुबंध-।।। में दिया गया है।

(ङ) से (छ): तमिलनाडु राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। साई ने प्रशिक्षण केंद्रों में उपलब्ध खेल अवसंरचना और मौजूदा वित्तीय बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी खेल संवर्धन स्कीमों के पुनर्गठन की कवायद शुरू की है। इसलिए, मौजूदा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया है।

****

अनुबंध-I

''एस.ए.आई. का प्रशिक्षण केन्द्र'' के संबंध में डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 07.02.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 817 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

साईं प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | क्षेत्र | एसटीसी की संख्या |
| 1 | क्षेत्रीय केंद्र (आरसी) बैंगलोर | 8 |
| 2 | लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज फॉर फिजिकल एजुकेशन (एलएनसीपीई) त्रिवेंद्रम (आरसी) | 10 |
| 3 | आरसी भोपाल | 5 |
| 4 | आरसी लखनऊ | 5 |
| 5 | आरसी चंडीगढ़ | 6 |
| 6 | एनएसएनआईएस पटियाला | 1 |
| 7 | आरसी सोनीपत | 4 |
| 8 | आरसी कोलकाता | 15 |
| 9 | आरसी गांधीनगर | 3 |
| 10 | आरसी मुंबई | 1 |
| 11 | आरसी इंफाल | 4 |
| 12 | आरसी गुवाहाटी | 7 |
| | कुल: | **69** |

*****

अनुबंध-II

''एस.ए.आई. का प्रशिक्षण केन्द्र'' के संबंध में डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 07.02.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 817 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

साई क्षेत्रीय केंद्रों को ब्लॉक अनुदान के तहत जारी की गई धनराशि और व्यय

(करोड़ रु.)

| क्षेत्रीय केंद्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जारी किया फंड | व्यय | जारी किया फंड | व्यय | जारी किया फंड | व्यय | 23 जनवरी तक जारी किया फंड | 23 जनवरी तक किया गया व्यय |
| आरसी बैंगलोर | 64.20 | 64.05 | 54.90 | 53.96 | 67.26 | 66.97 | 61.18 | 59.43 |
| आरसी भोपाल | 30.75 | 25.67 | 28.65 | 24.87 | 27.65 | 26.10 | 34.18 | 24.04 |
| आरसी चंडीगढ़ | 47.08 | 40.98 | 26.37 | 29.81 | 33.62 | 31.83 | 33.86 | 31.02 |
| आरसी गांधीनगर | 33.00 | 27.93 | 27.61 | 23.39 | 36.07 | 32.18 | 29.17 | 25.93 |
| आरसी गुवाहाटी | 24.13 | 17.25 | 25.33 | 20.87 | 31.23 | 34.26 | 33.54 | 29.63 |
| आरसी इंफाल | 24.87 | 16.99 | 25.70 | 22.81 | 27.19 | 27.56 | 27.70 | 29.31 |
| आरसी कोलकाता | 67.80 | 56.75 | 56.36 | 52.06 | 65.77 | 69.74 | 65.85 | 63.35 |
| आरसी लखनऊ | 30.50 | 25.49 | 22.04 | 20.97 | 27.01 | 27.04 | 30.29 | 27.57 |
| आरसी मुंबई | 25.75 | 19.81 | 20.63 | 26.28 | 31.47 | 29.85 | 27.83 | 21.95 |
| आरसी एनआईएस पटियाला | 60.32 | 54.78 | 48.83 | 48.79 | 66.50 | 67.85 | 71.42 | 58.95 |
| आरसी सोनीपत | 50.34 | 47.79 | 44.13 | 37.68 | 40.05 | 44.55 | 44.29 | 43.38 |
| आरसी एलएनसीपीई | 53.41 | 49.86 | 48.76 | 43.85 | 53.21 | 57.93 | 60.52 | 58.27 |
| नोटः तमिलनाडु राज्य आरसी एलएनसीपीई के अंतर्गत आता है | | | | | | | | |

*****

अनुबंध-।।।

''**एस.ए.आई.** का प्रशिक्षण केन्द्र'' के संबंध में डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 07.02.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 817 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

## साई खेल प्रोत्साहन स्कीमों का विवरण - वर्ष 2021-2022 के दौरान एथलीटों द्वारा जीते गए पदकों की संख्या

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर

| क्र. सं. | स्कीम का नाम | 2017-2018 | | | 2018-2019 | | | 2019-2020 | | | 2020-2021 | | | 2021-2022 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी |
| 1 | एनएसटीसी स्कूल | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनीज ( **एबीएससी** ) | 23 | 17 | 16 | 14 | 14 | 15 | 14 | 30 | 42 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र ( **एसटीसी** ) | 32 | 55 | 32 | 55 | 24 | 42 | 37 | 24 | 41 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल ( **एसएजी** ) | 35 | 0 | 0 | 0 | 10 | 21 | 19 | 6 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | **एसटीसी/एसएजी** का विस्तार केंद्र | 1 | 7 | 3 | 6 | 1 | 1 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र (**सीओई** ) / एनसीओई | 22 | 53 | 41 | 51 | 16 | 24 | 11 | 14 | 19 | 0 | 0 | 1 | 20 | 14 | 25 |
| 7 | राष्ट्रीय खेल अकादमी ( **एनएसए** ) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल:** | **113** | **132** | **92** | **127** | **65** | **103** | **87** | **81** | **116** | **0** | **0** | **1** | **22** | **17** | **30** |
| | | **337** | | | **295** | | | **284** | | | **1** | | | **69** | | |

### राष्ट्रीय स्तर

| क्र. सं. | स्कीम का नाम | 2017-2018 | | | 2018-2019 | | | 2019-2020 | | | 2020-2021 | | | 2021-2022 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी | जी | एस | बी |
| 1 | **एनएसटीसी** स्कूल | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 8 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनीज ( **एबीएससी** ) | 23 | 14 | 15 | 14 | 30 | 42 | 40 | 28 | 28 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र ( **एसटीसी** ) | 32 | 24 | 42 | 37 | 24 | 41 | 158 | 190 | 192 | 16 | 14 | 09 | 22 | 28 | 25 |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 35 | 10 | 21 | 19 | 6 | 14 | 78 | 65 | 71 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (एसएजी) | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | एसटीसी/एसएजी का विस्तार केंद्र | 1 | 1 | 1 | 4 | 3 | 0 | 6 | 15 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) / एनसीओई | 22 | 16 | 24 | 11 | 14 | 19 | 96 | 80 | 72 | 40 | 50 | 63 | 111 | 123 | 128 |
| 7 | राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 6 | 8 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल:** | **113** | **65** | **103** | **87** | **81** | **116** | **392** | **389** | **387** | **56** | **64** | **72** | **133** | **151** | **153** |
| | | **281** | | | **284** | | | **1168** | | | **192** | | | **437** | | |

*****